# भूमि पूजन समारोह के लिए तय लक्ष्य के करीब सरकार

## प्राथमिक शिक्षा विभाग ने तोड़ा रिकॉर्ड, लक्ष्य से नौ गुना ज्यादा एमओयू

अमर उजाला ब्यूरो

लखनऊ। वैश्विक निवेशक सम्मेलन में 38 लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू के बाद प्रदेश सरकार भूमि पूजन समारोह (जीबीसी) के माध्यम से इस निवेश को धरातल पर उतारने के लिए तैयार है। योगी सरकार ने भूमि पूजन समारोह के लिए सभी विभागों के लिए लक्ष्य निर्धारित किया था। अब तक करीब 6.80 लाख करोड़ रुपये के आठ हजार से अधिक प्रोजेक्ट समारोह के लिए तैयार हैं। इनमें से 6 हजार प्रोजेक्ट एमओयू वाले और दो हजार गैर एमओयू वाले हैं।

अब तक कुल 26 हजार से ज्यादा एमओयू साइन किए जा चुके हैं। इसके जरिये प्रदेश में एक करोड़ से भी अधिक रोजगार सृजित होने की संभावना है। प्राथमिक शिक्षा विभाग ने लक्ष्य का नौ गुना एमओयू साइन किया है। जिन विभागों ने लक्ष्य को 100 प्रतिशत या उससे भी ज्यादा हासिल किया है, उसमें सबसे पहला नाम प्राथमिक शिक्षा विभाग का है। जिसने करीब लक्ष्य का 900 प्रतिशत हासिल कर लिया है। विभाग को 63 करोड़ का लक्ष्य मिला था। इसके सापेक्ष 558 करोड़ के 47 प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दे दी है। टेक्निकल एजुकेशन को 4,500 करोड़ का लक्ष्य मिला था, जिसके सापेक्ष करीब 5,200 करोड़ के 535 प्रोजेक्ट्स को तैयार कर लिया है। यह 115 प्रतिशत से ज्यादा है। केन डेवलपमेंट एंड शुगर इंडस्ट्री ने 1,285 करोड़ के प्रोजेक्ट्स के साथ 102 प्रतिशत से ज्यादा, एनर्जी ने 38 हजार करोड़ के साथ 101 प्रतिशत और सिविल एविएशन ने 4 हजार करोड़ के प्रोजेक्ट्स को जीबीसी के लिए तैयार करने के साथ 100 प्रतिशत लक्ष्य को हासिल किया है।



**6000**

**से ज्यादा एमओयू प्रोजेक्ट्स भूमि पूजन के लिए तैयार**

- सरकार ने 33 विभागों को नौ लाख करोड़ रुपये से ज्यादा के एमओयू को भूमि पूजन समारोह के जरिए धरातल पर उतारने के लिए लक्ष्य दिया गया था। इसमें से सर्वाधिक एक लाख करोड़ से ज्यादा के एमओयू अतिरिक्त ऊर्जा स्रोत के हैं।
- यूपीसीडा ने भी 94 हजार करोड़ से ज्यादा के एमओयू भूमि पूजन समारोह के लिए तैयार कर लिए हैं। प्राधिकरण को समारोह के लिए दो लाख करोड़ का लक्ष्य दिया गया था, जिसमें वह अब तक 47 प्रतिशत से ज्यादा लक्ष्य हासिल कर लिया है। नोएडा अथॉरिटी ने 54 हजार करोड़ के 115 प्रोजेक्ट समारोह के लिए तैयार कर लिए हैं।
- उच्च शिक्षा ने 51 हजार करोड़ के 257 प्रोजेक्ट भूमि पूजन समारोह के लिए तैयार कर लिए हैं। विभाग को 62.5 हजार करोड़ रुपये से ज्यादा का लक्ष्य दिया गया था। आईटी एंड इलेक्ट्रॉनिक्स ने भी 48 हजार करोड़ से ज्यादा के 45 एमओयू को तैयार कर लिया है। हॉर्टीकल्चर ने 42 हजार करोड़ के 843 प्रोजेक्ट्स को हरी झंडी दी है। ऊर्जा और एमएसएमई ने करीब 38 हजार करोड़ रुपए के प्रोजेक्ट्स तैयार कर लिए हैं।

# जापान में पर्यटकों और निवेशकों को किया आकर्षित

**पर्यटन विभाग ने अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रदर्शनी में लिया हिस्सा**

लखनऊ। पर्यटन विभाग ने हाल ही में इंटेक्स ओसाका, जापान में आयोजित अंतरराष्ट्रीय यात्रा प्रदर्शनी (जाटा) ट्रैवल एक्सपो में शामिल होकर पर्यटकों व निवेशकों को आकर्षित किया। प्रदर्शनी में विभाग का स्टॉल लोगों के आकर्षण का केंद्र बना। इस दौरान प्रदेश के पर्यटन की मार्केटिंग व ब्रांडिंग पर जोर दिया गया।

पर्यटन व संस्कृति मंत्री जयवीर सिंह ने बताया कि यूपी बौद्ध स्थलों का एक उल्लेखनीय संग्रह समेटे हुए है, जो जापानी, कोरियाई और बौद्ध धर्म के अन्य अनुयायियों के लिए काफी महत्व रखता है। जाटा ट्रैवल एक्सपो जापान में यूपी के पर्यटन स्टॉल पर लोगों ने पवित्र स्थलों के इतिहास और आध्यात्मिकता की जानकारी ली। विभाग ने इस मंच के माध्यम से विश्व भर के पर्यटकों और आगंतुकों को प्रदेश के प्रमुख पर्यटन स्थलों के प्रति जागरूक और निवेश के लिए आकर्षित किया। ब्यूरो